39वीं वार्षिक रिपोर्ट

2014–15

राष्ट्रीय लोक वित्त तथा नीति संस्थान
नई दिल्ली

वार्षिक रिपोर्ट

31 मार्च, 2014–31 मार्च, 2015

मुद्रक एवं प्रकाशक :

सचिव
राष्ट्रीय लोक वित्त तथा नीति संस्थान

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के
अंतर्गत एवं स्वायत्त शासी अनुसंधान संस्थान

18/2, सत्संग विहार मार्ग, स्पेशल इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र
नई दिल्ली–110067
फोन : 26569303, 26963421 फैक्स : 26852548
ईमेल : nipfp@nipfp.org.in वेबसाइट : www.nipfp.org.in

संयोजक एवं संपादक : समरीन बद्र
प्रिंटेड : रचित प्रिन्टर्स
ईमेल : rachitprinter.2005@gmail.com

राष्ट्रीय लोक वित्त तथा नीति संस्थान, नई दिल्ली
1976 से नीति संबंधी सूचना उपलब्ध करा रहा है।

विषय–वस्तु

पृष्ठ संख्या

1.	संस्थान का परिचय	1
2.	अनुसंधान कार्यकलाप	9
	केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों के राजकोषीय/कराधान से संबंधित अध्ययन	9
	मेक्रो आर्थिक और वित्तीय क्षेत्र नीति अध्ययन	10
	राज्य विकास अध्ययन	13
	अन्य अध्ययन	15
	शुरू की गई नई परियोजनाएं	17
3.	कार्यशालाएं, सेमिनार, बैठकें और सम्मेलन	18
4.	प्रशिक्षण कार्यक्रम	22
5.	एनआईपीएफपी प्रकाशन (2014–15)	23
6.	पुस्तकालय और सूचना केंद्र	24
7.	कंप्यूटर/आईटी यूनिट	27
8.	मुख्य–मुख्य संकाय कार्यकलाप	28

संलग्नक

I.	अध्ययनों की सूची 2014–15	63
II.	एनआईपीएफपी आधार पत्र श्रृंखला	67
III.	आंतरिक सेमिनार श्रृंखला	68
IV.	31.03.2015 को शासी निकाय के सदस्यों की सूची	69
V.	समूल्य प्रकाशनों की सूची	72
VI.	एनआईपीएफपी संकाय की प्रकाशित सामग्री	77
VII.	31.03.2015 को स्टाफ सदस्यों की सूची	83
VIII.	31.03.2015 को प्रायोजक, कारपोरेट, स्थायी और साधारण सदस्यों की सूची	90
IX.	वित्त एवं लेखें	91

संस्थान के विषय में

राष्ट्रीय लोक वित्त तथा नीति संस्थान, नई दिल्ली की 39वीं वार्षिक रिपोर्ट, वित्त वर्ष के दौरान संस्थान के कार्य को एवं शासी निकाय और जनता उत्तरदायित्व के प्रति दायित्व को परिलक्षित करती है। नीचे, वर्ष 2014–15 के दौरान एनआईपीएफपी के कार्यकलापों की एक समीक्षा प्रस्तुत की गई है।

वार्षिक रिपोर्ट की एक डिजिटल प्रतिलिपि संस्थान के सरकारी वेबसाइट http:www.nipfp.org.in publicationsannual-reports से प्राप्त की जा सकती हैं।

शासी बोर्ड

राष्ट्रीय लोक वित्त तथा नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के शासी बोर्ड ने 3 अप्रैल 2012 को आयोजित अपनी बैठक में शासी निकाय का चार वर्ष की अवधि के लिए, अर्थात् 5 अप्रैल, 2012 से 4 अप्रैल, 2016 के लिए पुनर्गठन किया।

डा. विजय केल्कर, अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रीय लोक वित्त तथा नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के शासी निकाय के प्रधान है। वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधित्व श्री हंसमुख अधिया, राजस्व सचिव; श्री शक्तिकांत दास, सचिव, आर्थिक कार्य श्री अरविंद सुब्रमण्यन, मुख्य आर्थिक सलाहकार ने किया। भारतीय रिजर्व बैंक का प्रतिनिधित्व श्रीमती बलबीर कौर, सलाहकार, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग द्वारा किया गया। श्री विवेक देवराय, सदस्य ने नीति आयोग का प्रतिनिधित्व किया। प्रायोजक राज्य सरकारों के प्रतिनिधि हैं : डा. जे.एन. सिंह, अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, गुजरात, श्री के. शनमुगम, आईएएस, प्रधान सचिव, वित्त विभाग, तमिलनाडु ; और श्री के. उपेन्द्र नाथ बेहड़ा, आईएएस, अपर मुख्य सचिव (वित्त), ओडिशा सरकार, भुवनेश्वर; श्री राकेश झा, आईसीआईसीआई बैंक; श्री राणा कपूर, प्रधान, भारतीय एसोसिएटिड वाणिज्य और उद्योग चैम्बर और डॉ. ज्योत्सना सूरी, प्रधान, फिक्की, संस्थानों द्वारा मनोनीत सदस्य हैं। शासी निकाय में तीन प्रख्यात अर्थशास्त्री हैं : प्रोफेसर पुलिन बी. नायक, दिल्ली अर्थशास्त्र स्कूल, डॉ. डी.के. श्रीवास्तव, मुख्य नीति सलाहकार, "अर्नस्ट और यंग" और डॉ. सुदीप्तो मंडल, एमेरिटस प्रोफेसर, एनआईपीएफपी। सहयोगी संस्थानों से प्रतिनिधि थे : डॉ. शेखर शाह, महानिदेशक, एनसीएईआर, डॉ. रवि कांत, महानिदेशक, भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कालेज; और डॉ. प्रताप भानु मेहता, प्रधान और मुख्य कार्यकारी, नीति अनुसंधान केंद्र, श्री मनोज फड़नीस, प्रधान, भारतीय चार्टर्ड लेखाकार संस्थान, शासी निकाय में एक सहयोजित सदस्य हैं।

डॉ. रथिन रॉय, निदेशक, पदेन सदस्य–सचिव हैं ; और डॉ. आर. कविता राव, प्रोफेसर, अपनी बारी से एनआईपीएफपी का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्ष 2014–15 के दौरान, शासी निकाय के लिए विशेष आमंत्रित थे : अध्यक्ष, सीबीडीटी, वित्त मंत्रालय और अध्यक्ष, सीबीईसी, वित्त मंत्रालय।

(विवरण के लिए कृपया संलग्नक–IV देखें)

संपूरित और चल रही परियोजनाएं

आलोच्य वर्ष के दौरान, हमारे अनुसंधान लक्ष्य पांच प्रमुख क्षेत्रों में कार्यरत टीमों के माध्यम से प्राप्त हुए : कराधान और राजस्व, सार्वजनिक व्यय और राजकोषीय प्रबंधन, मेक्रोआर्थिक पहलू, अन्तर–सरकारी राजकोष संबंध एवं राज्य योजना और विकास।

चल रही अनुसंधान परियोजनाओं के अंतर्गत व्यय प्रबंधन के लिए समर्थन पर बल दिया जाता है तथा राजकोषीय,

वित्तीय और मौद्रिक नीति संबंधी समस्याओं पर विचार किया जाता है। संस्थान, सिफारिशों और रिपोर्टों के रूप में निरंतर रूप से नीतिगत सहायता प्रदान करता है ताकि वित्त मंत्रालय के विभागों को पेश आने वाली उभरती चुनौतियों का समाधान किया जा सके और राज्य की कर–योग्य क्षमता और संसाधन आबंटन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके।

राष्ट्रीय लोक वित्त तथा नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के अनुसंधान कार्य क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे अध्ययनों को शामिल किया गया है जो नीतिगत सुधार और केंद्र में व साथ ही राज्यों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। व्यय प्रबंधन, मेक्रो आर्थिक नीति, मॉडलिंग और कर–नीति के संबंध में सिफारिशें प्रस्तुत की गई। लघु और मध्यम उद्योगों पर एक 'क्रॉस–कन्ट्री' अध्ययन के रूप में गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट नेटवर्क इंटरनेशनल, इस्लामाबाद द्वारा प्रायोजित केंद्रीय और राज्य सरकारों का राजकोषीय और कराधान सम्बद्ध अध्ययन पूरा किया गया जिससे यह भी पता चला कि कर प्रणाली में बने रहने के लिए लागत का अनुपालन सम्भवतः अर्थव्यवस्था के इस संघटक में विकास के लिए सम्भवतः एक बड़ी बाधा है।

संस्थान ने, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर कोर्ड बोर्ड के लिए भारत में वैयक्तिक आय–कर के तहत कर की अदायगी करने वालों की संख्या का पता लगाने और उन करदाताओं की संख्या का अनुमान लगाने के लिए जो पद्धति के अंतर्गत बने रहने चाहिए, एक विश्लेषण उपलब्ध कराने के लिए एक प्रयास के रूप में करदाता आधार को विस्तृत बनाने के लिए एक विश्लेषणात्मक मॉडल के विकास के संबंध में कार्य किया।

संस्थान ने, जीएसटी सुधारों में अन्तर्निहित समस्याओं को उजागर करने के लिए जीएसटी के लिए राजस्व निष्प्रभावी दरों (आरएनआर) का अनुमान लगाने और वर्ष 2013–14 के लिए संख्या का निर्धारण करने का प्रयास किया।

यूआईडीएआई, योजना आयोग, भारत सरकार के अनुरोध पर, एनआईपीएफपी ने आधार–समर्थित सेवाओं की लागत वसूलने के लिए एक कार्यनीति की सिफारिश करने के लिए कीमत पद्धति और प्राधिकरण व ईकेवाईसी सेवाओं के संबंध में एक अध्ययन आयोजित किया। यूआईडीएआई के साथ एक सहयोग परामर्श परियोजना के अंतर्गत संस्थान ने यूआईडीएआई द्वारा प्रस्तावित निरन्तर नामांकन, अद्यतन बनाने और अन्य सेवाओं के संबंध में व्यवसाय योजना के मॉडलों का विकास किया और कार्यान्वयन हेतु सर्वोत्तम मॉडल की सिफारिश करते हुए विकसित प्रत्येक मॉडल के गुणावगुणों का उल्लेख किया।

मेक्रो आर्थिक और वित्तीय क्षेत्रक नीति अध्ययनों के अंतर्गत, जैसे कि बहुपक्षीय संबंध प्रभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित जी–20 प्रोजेक्ट वित्त पोषण अवस्थापना के विभिन्न स्रोतों और अवस्थापना निवेशों की मांग के विभिन्न पहलुओं की जांच की गई तथा भारत में अवस्थापना वित्तपोषण के लिए निधियों की मांग और आपूर्ति के बीच असंतुलन पर प्रकाश डाला गया।

एक टीम में, चौदहवें वित्त आयोग के लिए 2015–19 की चौदहवें वित्त आयोग की अवधि के दौरान मेक्रो–फिस्कल कड़ी की समीक्षा करने के लिए मेक्रो–आर्थिक नीति प्रोत्साहन तैयार किए। मेक्रो–आर्थिक नीति मॉडलिंग रिपोर्टें, जिनमें इस बात की जांच की गई कि क्या अवधि 2010–15 के संबंध में चालू खाता शेष और जीडीपी वृद्धि के बीच कोई संतुलन है, योजना आयोग को प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में 12वीं योजना अवधि के दौरान विभिन्न बाह्य दबावों के प्रभाव का भी मूल्यांकन किया गया।

इसी बीच, एनआईपीएफपी मेक्रो–आर्थिक नीति प्रोत्साहन मॉडल को सतत रूप से अद्यतन बनाया गया और

उभरती स्थितियों व नीतिगत प्रश्नों के प्रत्युत्तर में आशोधित किया गया।

हमारी अनुसंधान टीम द्वारा उपलब्ध कराए गए इनपुटों से लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से **एनआईपीएफपी–डीईए रीसर्च** प्रोग्राम की कार्यावधि का विस्तार किया गया। अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत न केवल, एक खुली अर्थव्यवस्था पद्धति में राजकोषीय, वित्तीय और मौद्रिक नीति के बड़े प्रश्नों पर और आगे विचार किया जाएगा बल्कि अनिवार्य के रूप में परिकल्पित, मंत्रालय के लिए चिंता के सामयिक मुद्दों के संबंध में एक अनुसंधान–उन्मुख नीतिगत सहायता फ्रेमवर्क भी, एफएसएलआरसी सिफारिशों सहित, उपलब्ध कराया जाएगा।

अपने अनुसंधान आधार का विस्तार करने की अपनी परंपरा को जारी रखते हुए एनआईपीएफपी ने भारत में व्यवसाय चक्र लक्षणों के संबंध में अनुसंधान कार्य शुरू किया।

फर्म वित्त पोषण और उधार निर्णयों के संबंध में शैक्षिक साहित्य में योगदान करने और भारत में औद्योगिक गतिकी समझने के लिए संस्थान द्वारा भारतीय फर्मों द्वारा बाह्य उधार लेने की पद्धति का विश्लेषण करने के लिए संस्थान ने एक अध्ययन आयोजित किया।

एक स्पष्ट–परिभाषित और पारदर्शी संकेतकों के आधार पर शासन–निष्पादन की उद्देश्यपरक रेटिंग, राज्यों के बीच शासन प्रतिस्पर्धा की उभरती प्रक्रिया के सुदृढ़ीकरण के लिए एक उपयोगी साधन सिद्ध होगी। इन निष्कर्षों का, सेवा वितरण के रूप में शासन के संबंध में भारतीय राज्यों के निष्पादन का मूल्यांकन करके, एक टीम द्वारा और आगे अध्ययन किया गया।

संस्थान द्वारा शुरू किए गए, भारत में सब्सिडियों के स्तर और संरचना का अनुमान लगाने के लिए एक विस्तृत अध्ययन से, जहां कहीं उपयुक्त हों, वैचारिक परिशुद्धियां शामिल करते हुए 1987–88 से वर्तमान तक सब्सिडियों का एक अद्यतन और विस्तृत पुनर्अनुमान उपलब्ध होगा।

संस्थान द्वारा शुरू किए गए राज्य विकास अध्ययनों में, एफआरबीएम अधिनियम, 2012–13 के संबंध में ओडिशा सरकार के अनुपालन की समीक्षा पूरी की गई – जो प्रावधानों के अनुपालन की सीमा के बारे में विधानमंडल और सामान्य जनता को जानकारी प्रदान करने की सांविधिक प्रक्रिया का एक भाग है।

राज्य और जिला स्तर पर – एमडीजी संकेतकों के विरूद्ध मध्य प्रदेश की उपलब्धियों का एक समेकित पुनर्विलोकन उपलब्ध कराने के लिए, यूनिसेफ, भोपाल द्वारा प्रायोजित अध्ययन से, मार्जिनकृत और बहिष्कृत समूहों की वंचनाओं और भेद्यताओं को समझने के लिए साम्यता पैमाने का इस्तेमाल करते हुए, मध्य प्रदेश के विकास परिणामों (एमडीजी फ्रेमवर्क के विरूद्ध) को बेहतर ढंग से समझने के लिए एक विश्लेषणात्मक रूपरेखा उपलब्ध होगी।

गोआ सरकार के अनुरोध पर, आगामी बजट वर्ष के प्रस्तावित वित्तीय लक्ष्यों और दो विगत वर्षों में राजकोषीय नीति उद्देश्य, राजस्व सुदृढ़ीकरण उपायों, व्यय पुनर्गठन और पूर्वानुमानित राजकोषीय लक्ष्यों की व्यवस्था करते हुए वर्ष 2015–16 के लिए गोआ की मध्यावधिक राजकोषीय नीति के संबंध में एक रिपोर्ट प्रगति पर है।

उपरोक्त के अनुसार, एफआरबीएम अधिनियम–2012–13 के संबंध में सिक्किम सरकार की अनुपालन रिपोर्ट पर समीक्षा की सिक्किम सरकार प्रायोजित रिपोर्ट के अंतर्गत राज्य सरकार की राजकोषीय स्थिति का आकलन किया जाएगा। एफआरबीएम अधिनियम, सिक्किम 2015–16 के अंतर्गत मध्यावधि राजकोषीय योजना में राजकोषीय नीति उद्देश्य

और आगामी बजट वर्ष में प्रस्तावित राजकीय लक्ष्यों और विगत दो वर्षों के संबंध में विचार किया जाएगा।

भारतीय राज्यों के बीच शासन की कोटि को समझने और कुछेक राज्य सरकारों द्वारा किए गए राजकोषीय चुनावों की प्रणाली को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना आलोच्य वर्ष के दौरान शुरू की गई है। इस अध्ययन से भारत में शासन और सार्वजनिक नीति के बीच संबंधों का अध्ययन करने में योगदान मिलेगा।

बिहार राज्य की कराधान क्षमता, सार्वजनिक व्यय मुद्दों, केंद्र–राज्य मुद्दों, राजकोषीय असंतुलनों और समायोजनों तथा राजकोषीय देनदारी और संधारणीयता का विश्लेषण करने के उद्देश्य से, बिहार राज्य वित्त–कर युक्तिकरण के लिए नीतिगत विकल्पों और राजस्व जुटाने के संबंध में विश्लेषण करने के उद्देश्य से, संस्थान में एक अध्ययन आयोजित किया गया है।

समावेशी विकास की समस्या का समाधान करने के लिए संस्थान ने, नए राज्यों के सृजन के साथ समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने के लिए अध्ययन करने के वास्ते एक परियोजना शुरू की है। इस अध्ययन के अंतर्गत, यह अनुमान लगाने के लिए कि क्या राज्य सृजन के फलस्वरूप एक विशिष्ट राजकोषीय एजेंसी का, विशेष रूप से सार्वजनिक खर्च की पद्ध ति और कराधान प्रणाली में परिवर्तनों के माध्यम से अभिव्यक्त झारखण्ड और छत्तीसगढ़ की एक तुलना की गई है। भारत में नव सृजित राज्यों का और आगे अध्ययन करने के लिए, दोनों राज्यों में खनन में राजकोषीय अनुसंधान इस वर्ष संस्थान के कार्य में एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र है। माइक्रो–आर्थिक नीति की दृष्टि से और फर्म–स्तर प्रतिस्पर्धात्मकता पर इसके प्रभाव का अलग–अलग अनुसंधान परियोजना के रूप में भारत के खनन क्षेत्रक का अध्ययन किया गया है।

व्यय को नियंत्रित करने के लिए केंद्र के लिए नीतिगत सिफारिशें उपलब्ध कराने के संस्थान के प्रयास स्वरूप, राजस्व और व्यय आबंटनों की पद्धति तथा पांच उभरती बाजार–अर्थव्यवस्थाओं में ब्राजील, चीन, इण्डोनेशिया, रूस और दक्षिण अफ्रीका में अंतर–सरकारी राजकोषीय संबंधों के साथ डील करने वाली परंपराओं की समीक्षार्थ 14वें वित्त आयोग के लिए एक अध्ययन आयोजित किया गया।

एक अनुसंधान टीम ने, उच्च खर्च न हुए शेषों को समझने और एमजीएनआरईजीएस जैसे बड़े ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में धनराशि प्रवाह पद्धति को समझने की दिशा में कार्य किया। इस परियोजना के अंतर्गत एक पुस्तक प्रकाशित की गई।

देश के भिन्न–भिन्न वित्तीय क्षेत्रों के संबंध में अनुसंधान कार्य के साथ–साथ संस्थान ने हवाई अड्डा क्षेत्र में जोखिम का आकलन करने और इक्विटी पर प्रतिफल की उचित दर का अनुमान लगाने के लिए एक परियोजना शुरू की है।

बहुपक्षीय मंचों, जैसे कि जी–20, ''ब्रिक्स'' व अन्य पर उठने वाले विभिन्न आयामों को बेहतर ढंग से समझने के प्रयासस्वरूप संस्थान एक नीतिगत परिप्रेक्ष्य की और आर्थिक कार्य विभाग, भारत सरकार में अनुसंधान और क्षमता विकास को सुदृढ़ करने के लिए उपायों की सिफारिश करेगा।

संस्थान द्वारा शुरू की गई ''जेण्डर बजटिंग'' पर आईएमएफ ग्लोबल प्रोजेक्ट के अंतर्गत एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 25 देशों के लैंगिक बजट अनुभवों का अध्ययन किया जाएगा।

संस्थान ने, व्यय प्रबंधन आयोग, वित्त मंत्रालय के प्रयोजन के तहत एक नया नीति अनुसंधान कार्यक्रम शुरू किया है।

जैव–विविधता वित्त अंतर के मात्राकरण और संसाधन जुटाव कार्यनीतियां विकसित करने के लिए संस्थान द्वारा ''भारत में जैव–विविधता वित्त पहल'' प्रोजेक्ट शुरू की गई है।

एसएचए 2011 के अनुसार, भारत के ''राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखों'' के संबंध में सार्वजनिक व्यय के श्रेणीकरण को सतत रूप से अद्यतन बनाने के लिए संस्थान ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य पद्धति संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से रखरखाव किया गया है (सभी परियोजनाओं का ब्यौरा संलग्नक–। में दिया गया है)।

संकाय की मुख्य–मुख्य बातें

भारत सरकार के नीति निर्माण निकायों में एनआईपीएफपी के सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेते हैं जो केंद्र और राज्यों की आर्थिक नीति को साकार रूप देते हैं।

डॉ. विजय केलकर, अध्यक्ष, एनआईपीएफपी, ''पद्म विभूषण'', पूर्व अध्यक्ष, तेरहवां वित्त आयोग, पूर्व पेट्रोलियम सचिव, भारत, पूर्व वित्त सचिव, भारत और पूर्व भारतीय कार्यकारी निदेशक, आईएमएफ ने 1 नवंबर, 2014 को कार्यभार संभाला। डॉ. केलकर, वर्ष 2030 तक आयात निर्भरता में संधारणीय कटौति के साथ तेल और गैस के घरेलू उत्पादन में वृद्धि करने के लिए एक सड़क नक्शा तैयार करने के वास्ते भारत सरकार द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष हैं। डॉ. केलकर, अवस्थापना विकास के पीपीपी मॉडल पर पुनर्विचार और आशोधन करने के संबंध में भारत सरकार द्वारा गठित समिति के भी अध्यक्ष हैं।

डॉ. रथिन रॉय, निदेशक, ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समितियों में अपनी सदस्यता स्थिति बनाए रखी – सातवां केंद्रीय वेतन आयोग, भारत सरकार, भारत में निर्धनता का अनुमान लगाने के संबंध में प्रधानमंत्री का कार्य दल, नेशनल इंस्टीट्यूशन फार ट्रांसफोर्मिंग इण्डिया (''नीति'' आयोग) ; ''यूनेस्को'' के लिए विशेषज्ञ समूह ; एशिया और प्रशांत का आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण तथा विभाजन के पश्चात् आंध्र प्रदेश के उत्तरवर्ती राज्य के लिए नई राजधानी के संबंध में विभिन्न विकल्पों का अध्ययन करने के लिए आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के अंतर्गत गठित समिति। वह, जी–20 मुद्दों पर वित्त मंत्री के सलाहकार समूह का एक सदस्य, आईएएस अधिकारियों के लिए तृतीय तीन वर्षीय साइकिल आफ मिड–कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम (एनसीटीपी) के लिए (2013–14, 2014–15 और 2015–16) प्रोजेक्ट प्रबंधन समिति (पीएमसी) के एक सदस्य बने रहें।

डॉ. राय, नीति के कार्यान्वयन के लिए समग्र दिशा निर्देश हेतु, मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन की अध्यक्षता के तहत राष्ट्रीय प्रशिक्षण परिषद (3 सितंबर, 2013 के बाद से), चौदहवें वित्त आयोग के लिए केंद्रीय ज्ञापन तैयार करने के लिए लघु समूह, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, शासी बोर्ड, आर्थिक विकास संस्थान, दिल्ली ; भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राज्य सरकारों के लिए चालू साधनोपाय (डब्ल्यूएमए)/ ओवरड्राफ्ट (ओडी) स्कीम सुविधा की समीक्षा करने के लिए सलाहकार समिति ; और शासी निकाय, राष्ट्रीय उत्तम शासन केंद्र (एनसीजीजी), नई दिल्ली के सदस्य हैं।

डॉ. तपस सेन, प्रोफेसर, भारत में स्कूल शिक्षा के संबंध में वित्तीय सांख्यिकी विशेषज्ञ समूह, एचआरडी मंत्रालय, भारत सरकार के एक सदस्य बन गए। वह, शैक्षिक वित्त विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन विश्वविद्यालय (एनयूईपीए), नई दिल्ली की शैक्षिक सलाहकार समिति में भी शामिल हो गए।

डॉ. अजय शाह, प्रोफेसर, कार्य बल, रेजोल्युशन कारपोरेशन सार्वजनिक ऋण प्रबधंन एजेंसी, कार्यबल, वित्तीय अपीलीय अधिकरण, कार्यबल, वित्तीय डेटा प्रबंधन

केंद्र और पेंशन सलाहकार समिति के सितंबर 2014 में एक सदस्य बन गए। वह, जून 2014 में ''कामन क्लीयरिंग फार कामोडिटी एक्सचेंजिज संबंधी कार्यदल'' के भी एक सदस्य बन गए।

डॉ. एन.आर. भानुमूर्ति, प्रोफेसर, 14वें वित्त आयोग अवार्ड, वित्त मंत्रालय के अंतर्गत राजस्व घाटा अनुदान जारी करने के लिए केंद्रीय मॉनीटरिंग समिति (सीएमसी) के एक सदस्य बने रहे। वह, फोकस ग्रुप आन रेवेन्यु फोरकास्टिंग, कर प्रशासन सुधार आयोग, भारत सरकार 2014–15 के भी एक सदस्य बन गए। वह, राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी, केंद्रीय सांख्यिकी संगठन, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में सलाहकार समिति के एक सदस्य हैं।

डॉ. मीता चौधरी, एसोसिएट प्रोफेसर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखों संबंधी विशेषज्ञ समूह समिति के एक सदस्य के रूप में और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल संबंधी विशेषज्ञ समूह का एक सदस्य नियुक्त किया गया। इन दोनों का गठन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया था।

क्षमता निर्माण कार्यक्रम

सरकारी संस्थानों के बीच ज्ञान आधार और क्षमता निर्माण में योगदान करने के अपने प्रयासों के क्रम में संस्थान ने, **''सार्वजनिक ऋण प्रबंधन और एफआरबीएम अधिनियम तथा इसके कार्यान्वयन के संबंध में भारतीय नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएजी) के लिए एक प्रशिक्षण और सहायता कार्यक्रम शुरू किया है।**

राजकोषीय नीति के डिजाइन और रूपरेखा की समझबूझ में सुधार करने के लिए संस्थान ने अपने परिसर में एक पांच दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम **''भारतीय सांख्यिकीय सेवाओं के अधिकारी प्रशिक्षार्थियों के लिए ''राजकोषीय और मौद्रिक नीति''** पर आयोजित किया। एक पांच दिन का **''मिड कैरियर प्रोग्राम''** आन **''फिस्कल पॉलिसी एण्ड मेक्रोइकोनामिक मैनेजमेंट''**, अखिल भारतीय सेवाओं के लिए (आईएएस, आईएफएस और आईपीएस)। ''भारतीय नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और सहायता'' कार्यक्रम के अंतर्गत, ''एफआरबीएम अधिनियम'' और ''सार्वजनिक ऋण प्रबंधन'' पर दो दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम की संस्थान में व्यवस्था की गई। संस्थान द्वारा ''सार्वजनिक वित्त प्रशिक्षण'' का डिजाइन, आलोच्य वर्ष के भिन्न–भिन्न समयों पर पांच दिन के माड्यूलों के रूप में ''भारतीय आर्थिक सेवा परिवीक्षार्थियों (आईईएस)'', ''भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा के अधिकारी प्रशिक्षार्थियों'' के लिए और भारतीय सांख्यिकीय सेवा (आईएसएस)'' के अधिकारी प्रशिक्षार्थियों के लिए किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, जैसे कि ओईसीडी, जीआईएनआई, आईआईडीएस, बीएनयू, आईपीएस, आईडीआरसी–सीआरडीआई, आईएमएफ, भारतीय रिजर्व बैंक और विश्व बैंक के साथ एनआईपीएफपी की भागीदारी के परिणामस्वरूप अनेक कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित किए गए। प्रख्यात शैक्षिक संस्थानों, जैसे कि ओसाका स्कूल आफ इंटरनेशनल पब्लिक पॉलिसी ; ड्यूक सेंटर फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट, सेंटर फार पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर), इण्डियन काउंसिल फार रीसर्च आन इंटरनेशनल इकोनामिक रीलेशंस (आईसीआरआईईआर), इण्डिया डेवलपमेंट फाउंडेशन (आईडीएफ), नेशनल काउंसिल आफ एप्लाइड इकोनामिक रीसर्च (एनसीएईआर), शांघाई इंस्टीट्यूट्स आफ इंटरनेशनल स्टडीज, केनेडी स्कूल आफ गवर्नमेंट, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी,

और आईआईटी खडगपुर जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ एनआईपीएफपी की भागीदारी के फलस्वरूप बहुत से अन्योन्यक्रिया सेमिनार आयोजित हुए।

"एनआईपीएफपी – डीईए अनुसंधान कार्यक्रम" के अंतर्गत संस्थान ने "इण्डियाज मेक्रोइकोनोमिक फ्रेमवर्क एण्ड डेट सस्टेनेबिलिटी एनेलिसिस" पर दो दिन की एक कार्यशाला आयोजित की। नीतिगत मोर्चे पर, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए एनआईपीएफपी ने, "टैक्स पॉलिसी एण्ड एन्टरप्राइज डिपार्टमेंट इन साउथ एशिया" पर संस्थान में एक दिन की नीतिगत कार्यशाला आयोजित करने के लिए, जीआईआई, आईआईडीएस, बीएनयू, आईपीएस और आईडीआरसी के साथ सहयोग किया।

एनआईपीएफपी, सीपीआर, आईसीआरआईईआर, आईडीएफ और एनसीएईआर द्वारा आयोजित "पांच संस्थान वार्षिक सेमिनार" में केंद्रीय बजट पर चर्चा की गई।

ओईसीडी के सहयोग से संस्थान में आयोजित एक दिन के एक सेमिनार में आर्थिक चुनौतियों के प्रति नए दृष्टिकोणों पर चर्चा की गई।

संस्थान के सदस्यों ने शांघाई इंस्टीट्यूट फार इंटरनेशनल स्टडीज, चीन के प्रोफेसर लियु झोंगयी के साथ "चीन–भारत संबंध और मोदी युग में आर्थिक सहयोग" पर एक अन्योन्यक्रिया चर्चा में भाग लिया। राजनयिक मिशनों से बहुत से महानुभावों ने समारोह में भाग लिया।

वार्षिक घटना के रूप में **"पेपर्स इन पब्लिक इकोनोमिक्स एण्ड पॉलिसी" (पीपीईपी)** पर दो दिन का एक सम्मेलन एनआईपीएफपी में आयोजित किया गया। संस्थान के संस्थापक–निदेशक डॉ. राजा चेलैय्या की स्मृति में संस्थान का वार्षिक व्याख्यान डॉ. सी. रंगाराजन, पूर्व अध्यक्ष, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद और पूर्व गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक ने "इश्यूज इन इण्डियाज एक्सटर्नल सेक्टर" पर दिया।

शीर्ष से : इरेनेहोर्स, बेजिंग में वरिष्ठ सलाहकार, ओईसीडी; बी.आर. भट्टाचार्य, कुलपति, ज.ने.वि.; अनजेला जेन विलकिंसन, "स्ट्रेटेजिक फोरसाइट के लिए परामर्शदाता, ओईसीडी।

शीर्ष: बाएं से : प्रोफेसर इलेक, एएनयू ; डॉ. आलोक शील, अपरमुख्य सचिव और नई दिल्ली में विशेष प्रतिनिधि, केरल सरकार, त्रिवेन्द्रम ।

ऊपर–बाएं से: पीटर ड्रिस्डाले, पूर्व प्रोफेसर, अर्थशास्त्र और प्रधान, पूर्व एशियाई आर्थिक अनुसंधान ब्यूरो और पूर्व एशियाई फोरम, क्राफोर्ड स्कूल आफ पब्लिक पॉलिसी, एएनयू ; डेविड विनेस, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ।

''इण्डिया–आस्ट्रेलिया राउन्ड टेबिल कांफ्रेंस'' में जी–20 देशों पर एक चर्चा आयोजित की गई जिसका आयोजन एनआईपीएफपी, ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन (इण्डिया) और आस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) के ईस्ट–एशिया ब्यूरो आफ इकोनोमिक रीसर्च (ईएबीईआर) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।

(आंतरिक सेमिनार श्रृंखला के लिए संलग्नक–III देखें ।)

घटनाएं

संस्थान को, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार तथा इसके प्रायोजक राज्यों से वार्षिक सहायता–अनुदान प्राप्त होता है। संस्थान के अध्यक्ष की अध्यक्षता में संस्थान के शासी निकाय की बैठक, संस्थान के शैक्षिक, प्रशासनिक और वित्तीय खोजों हेतु नीतिगत निर्देश और समर्थन प्रदान करने के लिए वर्ष 2014–15 के दौरान दो बार आयोजित की गई।

पूर्व अध्यक्ष, डा. सी. रंगाराजन की कार्यावधि समाप्त होने के बाद डा. विजय केलकर ने 1 नवंबर, 2014 को अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। डा. एम. गोविन्द राव, पूर्व निदेशक को 10.11.2014 से ऐमेरिटस प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया। पहले उन्हें 1.2.2013 से 31.12.2014 तक की अवधि के लिए चौदहवें वित्त आयोग का एक सदस्य नियुक्त किया गया था। डा. इला पटनायक, प्रोफेसर (आरबीआई पीठ) को, वित्त मंत्रालय में प्रधान आर्थिक सलाहकार के रूप में संविदात्मक कार्यभार संभालने के लिए प्रारंभ में 1 मई 2014 से दो वर्ष की अवधि के लिए वेतनरहित छुट्टी मंजूर की गई। डा. सुदीप्तो मंडल, पूर्व प्रोफेसर को 1.2.2013 से 31.12.2014 तक की अवधि के लिए चौदहवें वित्त आयोग को एक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया ; और डा. पिनाकी चक्रवर्ती, 8.5.2013 से 31.12.2014 तक की अवधि के लिए एक सलाहकार के रूप में चौदहवें वित्त आयोग में प्रतिनियुक्ति पर थे।

डॉ. श्रुति त्रिपाठी को 30.4.2014 से अर्थशास्त्री के रूप में और डा. मोहम्मद आसिफ मुस्तफा खान को 31.10.2014 से वरिष्ठ पुस्तकालय और सूचना अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया।

डी. सिमंती बंधोपाध्याय, सहायक प्रोफेसर, अजय हालेन, कनिष्क अर्थशास्त्री और रोमाशा मिश्रा, लेखा अधिकारी, संस्थान छोड़ गए।

रीता वाधवा, संपादक और श्री एस.एन. शर्मा, सहायक ने आलोच्य वर्ष के दौरान अधिवार्षिकी की आयु प्राप्तकी।

2. अनुसंधान कार्यकलाप

केंद्रीय और राज्य सरकार के राजकोषीय/ कराधान सम्बद्ध अध्ययन

सम्पूरित अध्ययन

''टैक्स पॉलिसी एण्ड इंटरप्राइज डेवलपमेंट इन साउथ एशिया'', आर. कविता राव, अमर ज्योति महन्ता, कौशिक भद्रा।

यह लघु और मंझले उद्यमों पर कर नीति के प्रभाव के संबंध में एक परस्पर देश अध्ययन है। प्रोजेक्ट रिपोर्ट पूरी हो गई है तथा वर्तमान वर्ष में एक प्रसार कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव है। अध्ययन के परिणामों से पता चलता है कि यद्यपि अधिकांश एसएमई वर्तमान कर प्रणाली का भाग हैं, तथापि प्रोत्साहनों का प्राथमिकतापूर्ण रूप छूटों की तुलना में कम कर दरें प्रतीत होता है। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि कर प्रणाली में बने रहने के लिए उच्च अनुपालन लागत संभवतः अर्थव्यवस्था के इस घटक में प्रगति के मार्ग में बाधक है।

चल रहे अध्ययन

''स्टडी आन डेवलपमेंट आफ एन एनेलिटिकल मॉडल फार वाइडनिंग दि टैक्सपेयर्स बेस'' आर. कविता राव, सच्चिदानन्द मुखर्जी, सुधांशु कुमार, डी.पी. सेनगुप्ता, सुरांजली टंडन, देबोऋषि ब्रह्मचारी।

इस अध्ययन का उद्देश्य भारत में व्यक्तिगत आय कर के अंतर्गत कर अदा करने वाले करदाताओं की संख्या में वृद्धि का विश्लेषण करना और उन करदाताओं की संख्या का

पूर्वानुमान लगाने के लिए कि पद्धति के अंतर्गत कितने करदाता होने चाहिए, एक विश्लेषणात्मक मॉडल का विकास करना है।

एस्टीमेटिंग आरएनआर फार जीएसटी फार दि ईअर 2013–14 आर. कविता राव, पिनाकी चक्रवर्ती, कौशिक भाद्र।

इस अध्ययन के अंतर्गत जीएसटी के संबंध में राजस्व निष्प्रभावी दरों पर पुनर्विचार किया जाएगा तथा वर्ष 2013–14 के संबंध में संख्या का अंदाजा लगाया जाएगा।

मैक्रो आर्थिक और वित्तीय क्षेत्र नीतिगत अध्ययन

संपूरित अध्ययन

एनआईपीएफपी–यूआईडीएआई स्टडी आन प्राइसिंग दि आथेनटीकेशन एण्ड ईकेवाईसी सर्विसिज, अजय शाह, सुयश राय, शुभो रॉय।

''भारतीय अनन्य पहचान प्राधिकरण'' (यूआईडीएआई) ने, आधार–समर्थित सेवाओं की लागत वसूल करने के लिए एक कार्यनीति की सिफारिश करने के वास्ते एनआईपीएफपी से अनुरोध किया। यूआईडीएआई, आधार–समर्थित ई–केवाईसी तथा प्रमाणीकरण सेवाएं प्रदान करता है। प्रमाणीकरण सेवाएं, बायोमीट्रिक सूचना (फिंगरप्रिंट और आइरिस स्केन) तथा ऑनलाइन पासवर्ड (ओटीपी) पर आधारित है। ये सेवाएं प्रदान करने की लागत है, अवस्थापना स्थापित करने की लागत और सेवाएं प्रदान की आवर्ती लागत। एनआईपीएफपी ने, विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी ही सेवाओं के लिए बाजारों से सिद्धांत और साक्ष्य के आधार पर इस मुद्दे का अध्ययन किया।

एनआईपीएफपी–यूआईडीएआई कंसल्टेशन प्रोजेक्ट फार डवलपिंग वेरियस माड्ल्स आफ बिजनिस प्लान फार कंटीन्यूयस एनरोलमेंट, अपडेट एण्ड अदर सर्विसिज आफर्ड/टूबी आफर्ड बाई यू आई डीएआई, अजय शाह, सुयश राय, शुभो रॉय, संहिता सप्तनेकर, स्मृति शर्मा।

भारतीय अनन्य पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने एनआईपीएफपी से उसके द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के लिए एक उपयुक्त व्यवसाय मॉडल की सिफारिश करने के साथ अनुरोध किया। अनुमान लगाया गया था कि व्यवसाय मॉडल के अंतर्गत सेवाओं के लिए कीमत पद्धति कार्यनीति सम्मिलित की जाएगी। एनआईपीएफपी टीम ने पारि–पद्धति भागीदारों के साथ, नामांकन और उसे अद्यतन बनाने के क्षेत्र में कार्यरत् के साथ भी परामर्श आयोजित किया और यूआईडीएआई की अन्योन्यक्रिया का अपने भागीदारों और उपभोक्ताओं के साथ विश्लेषण किया। एनआईपीएफपी टीम ने यूआईडीएआई द्वारा निरंतर नामांकन, उन्हें अद्यतन बनाने व प्रदान की जाने वाली अन्य सेवाओं के संबंध में व्यवसाय योजना के मॉडलों का विकास किया तथा कार्यान्वयन हेतु सर्वोत्तम मॉडल की सिफारिश करते हुए, विकसित प्रत्येक मॉडल के गुणावगुणों का उल्लेख किया। रिपोर्ट में, नामांकन को प्रोत्साहित करने और सेवाओं को अद्यतन बनाने के लिए कीमत पद्धति कार्यनीति की सिफारिश की। व्यवसाय मॉडल का विकास करते समय, टीम ने उच्च गुणवत्ता, डेटा सुरक्षा, आधार डेटाबेस की व्यापक पहुंच आदि बनाए रखने के उद्देश्यों को देखते हुए विकल्पों का मूल्यांकन किया।

फाइनेंसिंग फार इन्फ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट–जी 20 प्रोजेक्ट रामप्रसाद सेनगुप्ता, सच्चिदानन्द मुखर्जी, मनीश गुप्ता।

इस अध्ययन का उद्देश्य वित्तीय अवस्थापना के विभिन्न स्रोतों और अवस्थापना निवेशों की मांग की जांच करना है तथा भारत में अवस्थापना वित्त पोषण के लिए

धनराशि की मांग और आपूर्ति के बीच बेमेलपन पर प्रकाश डाला गया है। इस असंतुलन का समाधान करने तथा भारत में अवस्थापना वित्त के पारंपरिक स्रोतों की बाधाओं को देखते हुए इस पत्र में दीर्घावधिक अवस्थापना वित्त जुटाने के वास्ते एक वैकल्पिक रूपरेखा के रूप में ''क्रेडिट संवर्धन स्कीम (सीईएस) सुझाई गई है। इसमें अवस्थापना परियोजनाओं के लिए दीर्घावधिक निवेश के लिए विश्व वित्त का लाभ उठाने के वास्ते एक विकल्प के रूप में सीईएस का विस्तार करने का सुझाव दिया गया है। क्रेडिट संवर्धन की सुझाई गई स्कीम को उन स्रोतों से वित्त जुटाने के लिए जी–20 स्तर तक बढ़ाया जा सकता है, जो पहले अवस्थापना परियोजनाओं में निवेश करने से हिचकिचा रहे थे (अर्थात् पेंशन और बीमा निधि)। इसमें जी–20 स्तर पर इस स्कीम को आपरेशनल बनाने के लिए एक संभावित प्रणाली भी सुझाई गई है। प्रस्तावित स्कीम, जी–20 देशों के लिए विशिष्ट रूप से नहीं है किंतु अवस्थापना क्षेत्र के लिए दीर्घावधिक वित्त का लाभ उठाने के लिए इसका उपयोग अन्य देशों द्वारा किया जा सकता है (विकासशील देशों द्वारा भी, जिनकी निम्न सोवरन रेटिंग है)।

मैक्रोइकोनोमिक पॉलिसी सिमुलेशन्स फार दि फोर्टीन्थ फाइनेंस कमीशन, एन.आर. भानुमूर्ति, सुकन्या बोस, पर्मा देवी अधिकारी।

इस परियोजना के अंतर्गत, चौदहवें वित्त आयोग की 2015–2019 अवधि के दौरान मैक्रो–राजकोषीय संयोजनों की समीक्षा करने के लिए भारत के वास्ते एक स्थायी मैक्रो आर्थिक रूपरेखा सुझाने का प्रयास किया गया है। संशोधित एनआईपीएफपी मॉडल का उपयोग नीतिगत अभिप्रेरण के लिए किया गया है जो चौदहवें वित्त आयोग की अवधि के लिए संगत है। विभिन्न स्थितियों के अंतर्गत सम्मिलित हैं: (क) सातवें वेतन आयोग अवार्ड का दबाव, (ख) घाटे और ऋण को लक्षित करना, (ग) उच्च विकास का लक्ष्य निश्चित करना और (घ) बाह्य दबावों का प्रभाव।

मिड–टर्म एप्राइजल फार दि ट्वेल्थ प्लान पीरियड, एन.आर. भानुमूर्ति, सुकन्या बोस।

आलोच्य वर्ष के दौरान, इस पंचवर्षीय (2010–15) प्रोजेट के अंतर्गत संस्थान ने दो रिपोर्टें योजना आयोग को प्रस्तुत की जो 12वीं योजना की मध्यावधि के आकलन के लिए संगत थी। रिपोर्टों में इस बात की जांच की गई है कि क्या चालू खाता शेष और जीडीपी विकास के बीच कोई ट्रेड आफ है और यह भी कि 12वीं योजना अवधि के दौरान विभिन्न बाह्य दबावों का भी कोई प्रभाव है।

चल रहे अध्ययन

फोर्थ एनआईपीएफपी–डीईए अनुसंधान योजना

अजय शाह, अनिरूद्ध बर्मन, अपूर्व गुप्ता, अतुल कुमार सिंह, कुशाग्र प्रियादर्शी, नीना जैकब, प्रमोद सिंहा, प्रतीक दत्ता, पुरूजारेवाल, राधिका पाण्डेय, शेखर हरी कुमार, शुभो रॉय, सुयश राय, रचना शर्मा, सहाना राय चौधरी, अरविंद हमारान, मोहित देसाई, ललित कान्ट्रेक्टर, आशीष अग्रवाल, मेहताब सिंह हंस, मयंक मिश्रा, भार्गवी झावेरी, पायल डे,

संहिता सप्तनेकर, स्मृति शर्मा, समीराज इलापावुलुरी, शेफाली मल्होत्रा।

एनआईपीएफपी–डीईए अनुसंधान योजना आयोजित करने के लिए, एनआईपीएफपी और आर्थिक कार्य विभाग (डीईए), वित्त मंत्रालय, भारत सराकर के बीच 3 अप्रैल, 2014 को हस्ताक्षरित, यह चौथा सहमति ज्ञापन है। कार्यक्रम का उद्देश्य, डीईए और वित्त मंत्रालय को पेश आने वाली अनेक नवीन चुनौतियों का सामना करने के लिए अनुसंधान इनपुट उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के अंतर्गत एक खुली अर्थव्यवस्था पद्धति में राजकोष, वित्तीय तथा मौद्रिक नीति के बड़े प्रश्नों का समाधान किया जाएगा बल्कि मंत्रालय के हित से संबंधित सामयिक मुद्दों के लिए अनिवार्य के रूप में एक अनुसंधान उन्मुख नीतिगत समर्थन की भी व्यवस्था की जाएगी। उद्देश्यों की समग्र रूपरेखा के अंदर एनआईपीएफपी, एफएसएलआरसी सिफारिशों के कार्यान्वयन से संबंधित कार्यकलाप भी आयोजित करेगा।

रीसर्च ऑन बिजनिस साइकिल्स, अजय शाह, रूद्राणी भट्टाचार्य, राधिका पाण्डेय।

इस परियोजना का उद्देश्य भारत में व्यवसाय चक्र लक्षणों के संबंध में नया अनुसंधान आयोजित करना है।

फारेन बोरोइंग्स बाई इण्डियन फर्म्स : इम्प्लीकेशन्स फार ग्रोथ एण्ड मेक्रोइकोनोमिक स्टेबिलिटी, अजय शाह, अपूर्व गुप्ता।

प्रोजेक्ट से फर्म वित्त पोषण और उधार लेने के निर्णयों के संबंध में शैक्षिक साहित्य में योगदान प्राप्त होगा तथा भारत में औद्योगिक गतिकी को समझने में योगदान मिलेगा। इस परियोजना के अंतर्गत भारतीय फर्मों द्वारा विदेश से उधार लेने की पद्धति का विश्लेषण किया जाएगा। इसके अंतर्गत ऐसे उधार लेने के संभावित उत्प्रेरकों का पता चलेगा। सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके अंतर्गत ऐसा करने वाली फर्मों के निष्पादन पर विदेशी प्रभावों का विश्लेषण किया जाएगा तथा उनकी तुलना उन फर्मों के निष्पादन के साथ की जाएगी जो उधार नहीं लेते हैं। अंत में इसके अंतर्गत मेक्रो–आर्थिक जोखिमों का आकलन किया जाएगा जो भारतीय फर्मों द्वारा बाह्य उधारों से सम्बद्ध हैं तथा विकास बनाम मेक्रो–आर्थिक स्थिरता के अप्रत्यक्ष जोखिम–रिवार्ड ट्रेड–आफ के साथ जुड़े हैं।

लेवल एण्ड कम्पोजीशन आफ सब्सिडीज इन इण्डिया : 1987–88 टू 2011–12, सुदीप्तो मंडल, एच.के. अमरनाथ, सताद्रु सिकदर

लगभग 25 वर्ष पहले मंडल और राव ने कुल मिलाकर 1987–1988 के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के लिए वसूल न हुई लागत के रूप में परिभाषित भारत में सब्सिडियों की मात्रा और संचरना के मूल अनुमान प्रकाशित किए थे। उसके बाद से केंद्रीय सरकार बजटों में सब्सिडियों के अनेक अनुवर्ती अनुमान लगाए गए हैं। तब से, केंद्रीय सरकार के बजटों में सब्सिडियों के संबंध में अनेक अनुमान लगाए गए हैं। वित्त मंत्रालय के श्वेत पत्र के रूप में और कुछ एनआईपीएफपी द्वारा खुद ही किए गए अध्ययनों के रूप में। तथापि, केंद्रीय और राज्य सरकारों के संबंध में कुल मिलाकर सब्सिडियों की मात्रा और संरचना के एक विस्तृत अध्ययन की पुनरावृत्ति अभी तक नहीं की गई है। ऐसा अध्ययन आयोजित करने के लिए बहुत से क्षेत्रों से अनुरोधों के बाद भी नहीं किया गया। इन अनुरोधों के प्रत्युत्तर में इस अध्ययन से 1987–88 से नवीनतम अवधि तक सब्सिडियों का एक अद्यतन और व्यापक पुनर्अनुमान प्राप्त होगा, उपयुक्त समझे जाने पर वैचारिक परिशोधन सम्मिलित किया गया है। यह एक एनआईपीएफपी–प्रायोजित अध्ययन है।

मेक्रोइकोनामिक पॉलिसी सीमुलेशन्स, सुदीप्तो मंडल, एन.आर. भानुमूर्ति, सुकन्या बोस, परमा देवी अधिकारी।

एनआईपीएफपी मेक्रो–आर्थिक नीति अभिप्रेरण मॉडल एक सतत रूप से अद्यतन व आशोधित मॉडल है जो उभरती स्थितियों और नीतिगत प्रश्नों के संदर्भ में है। वर्तमान वर्ष के दौरान, डेटाबेस में आमूल परिवर्तन किया जाएगा तथा मॉडल को नई जीडीपी डेटा श्रृंखला के आधार पर पुनः तैयार किया जाएगा। संशोधित मॉडल का उपयोग बदलती विश्व स्थितियों के निहितार्थों, ईयू से ग्रीस का बहिर्गमन अथवा नहीं, भिन्न–भिन्न तेल कीमत स्थितियों के अंतर्गत यूएस टेपरिंग आदि और सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के सुदृढ़ीकरण और उसके बगैर विकास कार्यनीति प्रेरित के निहितार्थों की भी जांच करने के लिए किया जाएगा। इसका उद्देश्य एक "प्रमुख संकेतक" आधारित पूर्वानुमान मॉडल के साथ नीतिगत अनुकरण मॉडल को पूरक बनाना भी है जिससे बाह्य अथवा नीतिगत दबावों के बगैर "सामान्य स्थिति में व्यवसाय में संवृद्धि, मुद्रास्फीति, सीएडी आदि वार्षिक अथवा द्विवार्षिक पूर्वानुमान प्राप्त होंगे।

राज्य विकास अध्ययन

संपूरित अध्ययन

द रिव्यु आफ कम्प्लाएंस आफ द गवर्नमेंट आफ ओडिशा टू द एफआरबीएम एक्ट–2012–13, तपस सेन, प्रताप रंजन जेना

The Review of Compliance to Odisha FRBM Act – 2012-13

Pratap Ranjan Jena
Tapas Kumar Sen

National Institute of Public Finance and policy
New Delhi

ओडिशा के एफआरबीएम अधिनियम में ओडिशा सरकार के घाटा स्तरों और ऋण के संबंध में मूल प्रावधानों के अलावा अनेक सिफारिशी प्रावधान दिए गए हैं। यह समीक्षा, विधान मंडल और सामान्य जनता को प्रावधानों के अनुपालन की सीमा की जानकारी प्रदान करते हुए सांविधिक प्रक्रिया के एक भाग के रूप में आयोजित की गई थी। इस समीक्षा में राज्य वित्त के संबंध में ओडिशा सरकार के विचारार्थ कुछ सामान्य सुझाव भी दिए गए हैं।

चल रहे अध्ययन

एमडीजी रिपोर्ट फार मध्य प्रदेश, एन.आर. भानुमूर्ति, एच.के. अमरनाथ, सुकन्या बोस, परमादेवी अधिकारी, अरकाज्योति जाना।

इस अध्ययन का उद्देश्य, राज्य और जिला स्तर पर एमडीजी संकेतकों की तुलना में मध्य प्रदेश की उपलब्धियों की एक समेकित समीक्षा उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत, मार्जिनकृत और बहिष्कृत समूहों की वंचनाओं और भेद्यताओं को समझने के लिए साम्यता नजरों का इस्तेमाल करके मध्य प्रदेश के विकासात्मक परिणामों को (एमडीजी फ्रेमवर्क के विरूद्ध) बेहतर ढंग से समझने के लिए एक विश्लेषणात्मक रूपरेखा भी दी गई है।

मीडियम टर्म फिस्कल पॉलिसी आफ गोआ फार 2015–16, प्रताप रंजन जेना और सतादु सिकदर।

रिपोर्ट में वर्ष 2015–16 के लिए गोआ सरकार के लिए मध्यावधि राजकोषीय योजना (एमटीएफपी) प्रस्तुत की गई है। इमसें राजकोषीय नीति उद्देश्य, राजस्व संवर्धन उपाय, व्यय पुनर्गठन आने वाले बजट वर्ष में तथा दो विगत वर्षों में प्रस्तावित राजकोषीय लक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। रिपोर्टों, विद्यमान मेक्रो–राजकोषीय परिवेश के आधार

पर तथा राजकोषीय लक्ष्यों से संबंधित राज्य एफआरबीएम अधिनियम की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाएगी।

द रीव्यु आफ कम्प्लाएन्स आफ गवर्नमेंट आफ सिक्किम टू द एफआरबीएम एक्ट–2012–13, प्रताप रंजन जेना, सतादफ्र सिकदर।

रिपोर्ट में, तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार अधिनियम में संशोधनों के अनुसार वर्ष 2012–13 के संबंध में एफआरबीएम अधिनियम के प्रावधानों पर अमल करते समय राज्य सरकार की राजकोषीय स्थिति का आकलन किया जाएगा। समीक्षा रिपोर्ट में राज्य वित्त का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा जैसा कि वर्ष 2012–13 के लिए बजट में प्रस्तावित है तथा बजट आउटटर्न्स जैसा कि एफआरबीएम अधिनियम के राजकोषीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए वर्ष के संबंध में वित्त लेखों में रिपोर्ट की गई है।

मीडियम–टर्म फिस्कल प्लान अण्डर एफआरबीएम एक्ट आफ सिक्किम–2015–16, प्रताप रंजन जेना

रिपोर्ट में वर्ष 2015–16 के लिए सिक्किम सरकार के लिए मध्यावधि राजकोषीय योजना (एमटीएफपी) प्रस्तुत की जाएगी। एमटीएफपी 2015–16 में राजकोषीय नीति उद्देश्य और आगामी बजट वर्ष में और दो विगत वर्षों के संबंध में प्रस्तावित राजकोषीय लक्ष्य सम्मिलित किए जाएंगे। रिपोर्ट, सिक्किम में नव अधिनियमित एफआरबीएम अधिनियम की आवश्यकताओं को ध्यान मे ।रखते हुए, विद्यमान मेक्रो–राजकोषीय परिवेश के आधार पर तैयार की जाएगी। रिपोर्ट में तीन वर्षों के संबंध में, एफआरबीएम अधिनियम के निर्धारण के अनुसार बजट वर्ष का तालमेल करने सहित, राजकोषीय परिवर्तनशीलों का प्रस्ताव किया जाएगा।

व्हाट इज दि क्वालिटी आफ गवर्नेन्स अक्रास इण्डियन स्टेट्स एण्ड डज इट मैटर ?, रथिन रॉय, स्टानली एल. विनेर, जे. स्टीफन फेरिस, पिनाकी चक्रवती, भारती भूषण दाश

इस परियोजना के अंतर्गत, भारतीय राज्य चुनावों और राज्य सरकारों द्वारा की गई राजकोषीय चयन प्रणाली की प्रतिस्पर्धात्मकता के बीच संबंध की जांच की जाएगी। ऐसा करने के लिए इस परियोजना में प्रस्ताव है कि : (i) बड़े भारतीय राज्यों के संबंध में निर्वाचन क्षेत्र–स्तर निर्वाचन डेटा का पूरा रिकार्ड रखना, (ii) अनेक सूचकों का इस्तेमाल करके राज्य चुनावों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा मापना, और (iii) राज्य राजकोषीय नीति विकल्पों के एक गतिशील अनुभाविक मॉडल के भाग के रूप में अन्य राजनीतिक और आर्थिक कारकों के साथ प्रतिस्पर्धात्मकता उपायों का इस्तेमाल करना। इस कार्य से भारत में शासन और सार्वजनिक नीति के बीच संबंध का अध्ययन करने में योगदान प्राप्त होगा।

स्टडी आन बिहार स्टेट फाइनेंसिज–पॉलिसी आप्शन्स फार टेक्स राशनलाइजेशन एण्ड मोबिलाइजेशन आफ रेवेन्यु, तपस सेन, आर कविता राव, सच्चिदानन्द मुखर्जी

इस अध्ययन के अंतर्गत निम्नलिखित का विस्तृत विश्लेषण सम्मिलित होगा : (क) राज्य की कराधान क्षमता और प्रयास, (ख) सार्वजनिक व्यय मुद्दों कार्यकुशलता, प्राथमिकताकरण और क्षेत्रकीय आबंटन, (ग) केंद्र–राज्य मुद्दें, (घ) राजकोषीय असंतुलन और समायोजन, (ड.) राजकोषीय देयताएं और संधारणीयता।

हेव न्युली–क्रिएटिड इण्डियन स्टेट्स प्रोमोटिड इन्क्लुसिव डेवलपमेंट ? ए कम्पेरीजन

आफ झारखण्ड एण्ड छत्तीसगढ़, रथिन रॉय, मीता चौधरी

इस अध्ययन के अंतर्गत, निम्नलिखित व्यापक प्रश्न पर विचार किया जाएगा : क्या राज्य के सृजन से एक विशिष्ट राजकोषीय एजेंसी तैयार हुई है, विशेष रूप से जैसा कि कराधान की प्रणाली और सार्वजनिक खर्च पद्धति के परिवर्तन के माध्यम से यथा अभिव्यक्त ?

फिस्कल रिसर्च आन माइनिंग इन न्युली–क्रिएटिड स्टेट्स आफ झारखण्ड एण्ड छत्तीसगढ़ आफ इण्डिया, रथिन रॉय, लेखा चक्रवर्ती

इस अध्ययन का उद्देश्य भारत में दो नव गठित राज्य, यथा झारखण्ड और छत्तीसगढ़ में, राज्य व्यवसाय संबंधों की विश्लेषणात्मक रूपरेखा के अंदर, खनन क्षेत्र से राजकोषीय राजस्व का विश्लेषण करनाहै ।

गवर्नेन्स एज़ सर्विस डेलिवरी : परफोर्मेन्स आफ इण्डियन स्टेट्स, सुदीप्तो मंडल, सताद्रु सिकदर, समित चक्रवर्ती

स्पष्टतः परिभाषित और पारदर्शी संकेतकों के आधार पर शासन निष्पादन की उद्देश्यपरक रेटिंग, राज्यों के बीच शासन प्रतिस्पर्धा की उभरती प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए एक उपयोगी साधन होगा । मंडल और एसोसिएट्स ने सेवा प्रदाय के रूप में शासन के बहु–संकेतकों के आधार पर एक शासन निष्पादन सूचक तैयार किया है जिसका उपयोग 2000–2010 अवधि के दौरान राज्य सरकारों के निष्पादन का आकलन करने के लिए किया गया है । इसे "कार्य प्रगति पर" के रूप में देखा जाना चाहिए । वर्तमान परिणामों से निम्नलिखित प्रश्न उठते हैं जिनकी चल रहे अध्ययन में खोज की जा रही हैं :

i क्या हम उत्तम शासन की संकल्पना में और सुधार कर सकते हैं अथवा परिणामों के अलावा प्रोसेस संकेतकों को शामिल कर सकते हैं ?

ii डेटा बेस में कौन–सी मुख्य कमियां हैं जिन्हें ऐसे शासन रेटिंग प्रक्रिया के लिए सुदृढ़ करने की जरूरत है ?

iii अलग–अलग राज्यों में प्रमुख शासन क्षेत्र कौन–से हैं जिन पर सुदृढ़ीकरण हेतु प्राथमिकता के साथ बल दिया जाना चाहिए ?

iv सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात क्या हम उन कारकों का पता लगा सकते हैं जो राज्य सरकार के उत्तम और बुरे निष्पादन का निर्धारण कर सकते हैं ?

अन्य अध्ययन

संपूरित अध्ययन

इंटर–गवर्नमेंटल फाइनेंस इन फाइव इमर्जिंग मार्केट इकोनॉमिज ? तपस सेन, एच.के. अमरनाथ, मनीश गुप्ता, सुधांशु कुमार, भारती भूषण दाश

अध्ययन के अंतर्गत, राजस्व और व्यय आबंटन की पद्ध


Intergovernmental Finance in
Five Emerging Market Economies

August 2014

Tapas K. Sen
H K Amarnath
Bhuvan Bhushan Dash
Manish Gupta
Sudhanshu Kumar

NATIONAL INSTITUTE OF PUBLIC FINANCE & POLICY
NEW DELHI 110067

ति की समीक्षा की गई है, प्राकृतिक स्रोतों के आबंटन सहित, नीतियां तथा दोहरे आबंटनों के कारण उत्पन्न विवादों का समाधान करने के लिए परंपराएं ; अन्तर–सरकारी अंतरण पद्धति ; वित्त पोषण अवस्थापना आवश्यकताओं की पद्धतियां, उप–राष्ट्रीय स्तरों पर उधार की पद्धति सहित तथा पांच उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं, ब्राजील, चीन, इंडोनेशिया, रूस

और दक्षिण अफ्रीका में अन्तर–सरकारी राजकोषीय संबंधों के साथ डील करने वाली पद्धतियां।

अण्डरस्टेंडिंग हाई अनस्पेंन्ट बेलेसिंज एण्ड फंड फ्लो मेकेनिज्म इन मेजर रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स, एन. आर. भानुमूर्ति, एच.के. अमरनाथ, अखिलेश वर्मा, आदर्श गुप्ता

इस परियोजना के अंतर्गत टीम ने एमजीआरईजीएस



के संबंध में पहला भाग पूरा कर लिया है तथा एनआईपीएफपी द्वारा "अनस्पेंट बेलेसिंज एण्ड फण्ड फ्लो मेकेनिज्म अण्डर महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लायमेंट गारंटी स्कीम (एमजीएनआरईजीएस)" नामक एक पुस्तक के रूप में पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। इस परियोजना के अंतर्गत, पीएमजीएसवाई, आईएवाई, एनआरएलएम और एनएसएपी कार्यक्रम प्रगति के अधीन है।

चल रहे अध्ययन

अवार्ड आफ दि असाइनमेंट परटेनिंग टू असेस्मेंट आफ दि रिस्कीनैस आफ दि एयरपोर्ट सेक्टर एण्ड एस्टिमेटिंग फेयर रेट आफ रिटर्न आन इक्विटी (आरओई), अजय शाह, सुयश राय, अपूर्व गुप्ता

परियोजना के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत सभी हवाई अड्डों के संबंध में (4 प्रमुख प्राइवेट हवाई अड्डे–दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि., नई दिल्ली ; मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि., मुंबई ; बंगलौर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि., बेंगलुरू ; जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि., हैदराबाद), परियोजनाओं/हवाई अड्डों के जोखिम प्रोफाइल को ध्यान में रखते हुए, इक्विटी मूल्यांकन सम्मिलित हैं ; बेटा मूल्यों के लिए बैंचमार्क के रूप में प्रयुक्त किए जा रहे विदेशी हवाई अड्डों के लिए बेटा मूल्यों का पुनः परिकलन, पूंजी की भारित औसत लागत के बुक मूल्य के उपयोग के संबंध में दृष्टिकोण की समीक्षा, "डायल" के प्रस्ताव की फलस्वरूप प्राप्त पणधारी टिप्पणियों का मूल्यांकन तथा रिटर्न इशू की उचित दर पर पणधारी टिप्पणियों के निपटान में प्राधिकरण की सहायता करना।

स्ट्रेंथनिंग रीसर्च एण्ड केपेसिटी डेवलपमेंट इन दि डिपार्टमेंट, रथिन रॉय

परियोजना के अंतर्गत उन मुद्दों का अध्ययन किया जाएगा जो जी–20, "ब्रिक्स" व अन्य ऐसे ही बहुपक्षीय मंचों पर उभरते हैं तथा मुद्दों के विभिन्न आयामों को समझने के लिए भारत सरकार की मदद करने के लिए एक चिंतन कोश स्थापित और इन मुद्दों पर एक नीतिगत परिप्रेक्ष्य तैयार किया जाएगा।

ट्रेनिंग एण्ड असिस्टेंट्स प्रोग्राम फार दि कम्पट्रोलर एण्ड आडिटर जनरल (सीएजी) आफ इण्डिया आन पब्लिक डेट मेनेजमेंट एण्ड एफआरबीएम एक्ट एण्ड इट्स इम्प्लीमेंटेशन, रथिन रॉय, प्रताप रंजन जेना, मनीष गुप्ता, श्रुति त्रिपाठी

कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक ऋण प्रबंधन में ज्ञान और क्षमता निर्माण में सुधार करना (पीडीएम)। राजकोषीय जिम्मेदारी तथा बजट प्रबंधन अधिनियम, 2003 (एफआरबीएम) और उसका कार्यान्वयन।

मेक्रोइकोनामिक पॉलिसी फार माइनिंग सेक्टर इन इण्डिया, लेखा चक्रवर्ती

इस अध्ययन के अंतर्गत, भारत में खनन क्षेत्र से सम्बद्ध मेक्रोआर्थिक नीतियों और फर्म स्तर प्रतिस्पर्धात्मकता पर इसके प्रभाव का अध्ययन किया गया है। यह एक पृथक अनुसंधान परियोजना है।

25–कन्ट्री स्टडी आन 'जेण्डर बजटिंग' इन एशिया पेसिफिक, आईएमएफ वाशिंगटन डी.सी. प्रोजेक्ट, लेखा चक्रवर्ती

इस अध्ययन के अंतर्गत, एशिया और प्रशांत में 25 देशों के 'जेण्डर बजटिंग' पद्धति अनुभवों का विश्लेषण किया गया है तथा आर्थिक विकास के प्रति महत्वपूर्ण संयोजन कायम किया गया है। यह परियोजना लिंग बजट पद्धति पर आईएमएफ विश्व परियोजना का एक भाग है।

शुरू की गई नई परियोजनाएं

- बायोडाईवर्सिटी फाइनेंस इनीशिएटिव इन इंडिया : क्वान्टीफाइंग दि बायोडाईवर्सिटी फाइनेंस गेप एण्ड डेवलपिंग रिसोर्स मोबिलाइजेशन स्ट्रेटेजीज
- एनआईपीएफपी–ईएमसी पॉलिसी रीसर्च प्रोग्राम
- अपडेटिंग दि क्लासिफिकेशन आफ पब्लिक एक्सपेंडीचर फार इण्डियाज नेशनल हैल्थ एकाउंन्ट्स एज पर एसएचए 2011–एचएनएसआरसी–एनआईपीएफपी

3. कार्यशालाएं, सेमिनार, घटनाएं, बैठकें, सम्मेलन

- शांघाई अंतराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान, चीन से प्रोफेसर लियु झोंगयी (ऊपर) के साथ ''मोदी युग में चीन–भारत संबंध और आर्थिक सहयोग'' पर एक अन्योन्यक्रिया चर्चा, 16 जून, 2014, राजनयिक मिशनों से अनेक महानुभावों ने समारोह में भाग लिया ।

- ''भारत का मेक्रो–आर्थिक फ्रेमवर्क और ऋण संधारण ीयता विश्लेषण'' पर कार्यशाला, एनआईपीएफपी में **''एनआईपीएफपी–डीईए अनुसंधान कार्यक्रम''**, 15–16 जुलाई 2014 ।

- **यूनियन बजट सेमिनार, 2014–15,** एनआईपीएफपी, सीपीआर, आईसीआरआईईआर, आईडीएफ और एनसीएईआर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित, लीला पैलेस, डिप्लोमेटिक एंकलेव, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में, 19 जुलाई, 2014 ।

- **''इण्डिया–आस्ट्रेलिया राउंडटेबल कांफ्रेंस–जी–20''**, एनआईपीएफपी, ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन (इण्डिया), ईस्ट एशिया ब्यूरो आफ इकोनोमिक रीसर्च (आस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी), ताज विवान्ता, सुजान सिंह पार्क, नई दिल्ली, 10 सितंबर 2014 ।

- **''कर नीति और दक्षिण एशिया में उद्यम विकास''** पर एक दिन की नीति चर्चा कार्यशाला, एनआईपीएफपी, जीआईआई, आईआईडीएस, बीएनयू, आईपीएस, आईडीआरसी द्वारा एनआईपीएफपी में संयुक्त रूप से आयोजित, 15 अक्तूबर 2014 ।

- **''जेण्डर रेस्पोन्सिव बजटिंग''** पर आधे दिन की बैठक, डब्ल्यु पीसी, नई दिल्ली और अफगानिस्तान आधारित इक्विलिटी आफ पीस एण्ड डेवलपमेंट (ईपीडी) के समन्वय से वित्त मंत्रालय तथा चुनिंदा क्षेत्रकीय मंत्रालय, अफगानिस्तान सरकार के साथ सहयोग से एनआईपीएफपी में आयोजित, 28 अक्तूबर, 2014 ।

- पार्वती बाई चौवगुले कला और विज्ञान कालेज, गोवा के छात्रों के लिए ''बजट के मूलभूत'' पर आधे दिन की कार्यशाला, एनआईपीएफपी में, 18 नवंबर, 2014 ।

- **''थर्ड ओईसीडी इकोनामिक सर्वे आफ इंडिया''** की शुरूआत, ओईसीडी, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार और एनआईपीएफपी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित, 19 नवंबर, 2014 ।

ऊपर: दाएं से : पीटर ड्रिस्डाले, पूर्व प्रोफेसर, अर्थशास्त्र और प्रधान पूर्व एशियाई आर्थिक अनुसंधान ब्यूरो और प्रधान, पूर्व एशियाई आर्थिक अनुसंधान ब्यूरो और पूर्व एशियाई फोरम, क्राफोर्ड स्कूल आफ पब्लिक पॉलिसी, ए.एन.यू. ; प्रोफेसर राम प्रसाद सेन गुप्ता, ज.ने.वि, डॉ. रथिन रॉय, निदेशक, एनआईपीएफपी ।

बाएं: डेविडविनेस, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ।

- एक दिन की कार्यशाला, **''ओईसीडी–इण्डिया पॉलिसी डायलॉग''** आन न्यू अप्रोचिज टू इकोनामिक चेलेंजिज (एनएईसी), ओईसीडी और एनआईपीएफपी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित, एनआईपीएफपी में, 24 फरवरी, 2015 ।

- **यूनियन बजट–2015–16: रिफोर्म एण्ड डेवलपमेंट पर्सपेक्टिव्ज,** पांच संस्थानों यथा एनआईपीएफपी, सीपीआर, आईसीआरआईईआर, आईडीएफ और एनसीएईआर द्वारा संयुक्त रूप से ''दीवान–ए–आम'', ताज महल होटल, मानसिंह रोड, नई दिल्ली में आयोजित, 9 मार्च, 2015 ।

- ''नेक्स्ट जेनेरेशन फिस्कल रिफोर्म फ्रेमवर्क्स टू डेलिवर इफेक्टिव काउंटर–साइक्लिकल पॉलिसी : इंडियन एण्ड इंटरनेशनल एक्सपीरिएन्स'' पर दो



ऊपर: केथरीन एल. मन्न, ओईसीडी मुख्य अर्थशास्त्री और प्रधान, अर्थशास्त्र विभाग, प्रोनबसेन, कन्ट्री डायरेक्टर, इंटरनेशनल ग्रोथ सेन्टर्स इण्डिया सेन्ट्रल प्रोग्राम

बाएं: एनआईपीएफपी ऑडिटोरियम में एक दिन की कार्यशाला।

दाएं : डॉ. सी. रंगराजन

नीचे : बाएं से : डॉ. विजय केलकर, अध्यक्ष, एनआईपीएफपी, डॉ. रथिन रॉय, निदेशक, एनआईपीएफपी और डॉ. सी. रंगराजन, पूर्व अध्यक्ष, एनआईपीएफपी ।



दिन का **''एनआईपीएफपी–डीईएएफआरबीएम कान्फरेंस''**, होटल सिडाडे डे गोआ, गोआ, एनआईपीएफपी द्वारा आयोजित, 12–13 दिसंबर, 2014 ।

- दो दिन का सम्मेलन, **पेपर्स इन पब्लिक इकोनामिक्स एण्ड पॉलिसी (पीपीईपी),** एनआईपीएफपी, नई दिल्ली में, 12–13 मार्च, 2015 ।
